संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, रविवार, 24 मार्च 2024 ₹ 1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 15 अंकः 82 पृष्ठः 08 RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com उत्तराखण्ड संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



भारतीय नौसेना ने लाल सागर के पूर्व में 100 दिनों के समुद्री डकैती विरोधी अभियानों के बाद शनिवार को 35 सोमाली समुद्री लुटेरों को भारत लाकर मुंबई पुलिस को सौंप दिया है।

## करोड़ों दुआएं मेरी ताकत: केजरीवाल

### = मैंने बहुत संघर्ष किया है, आगे भी मेरी जिंदगी में बड़े संघर्ष लिखे हैं: केजरीवाल

**वीडियो मैसेज**

**8 अरविंद केजरीवाल की पत्नी ने वीडियो मैसेज में केजरीवाल का संदेश पढ़कर सुनाया**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः दिल्ली** शराब नीति केस में पीएमएलए कोर्ट ने 22 मार्च को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 6 दिन की (28 मार्च तक) ईडी की रिमांड पर भेज दिया। केजरीवाल को 21 मार्च को सीएम हाउस से गिरफ्तार किया गया था। शुक्रवार दोपहर 2 बजे उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। शनिवार दोपहर केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने वीडियो मैसेज में केजरीवाल का संदेश पढ़कर सुनाया। 3 मिनट 21 सेकेंड के इस संदेश में कहा गया कि अब तक मैंने बहुत संघर्ष किया है, आगे भी मेरी जिंदगी में बड़े संघर्ष लिखे हैं। आप कार्यकर्ताओं से अपील है कि मेरी गिरफ्तारी की वजह से भाजपा वालों से नफरत न करें। आप मंत्री आतिशी ने दावा किया है कि उनके पार्टी कार्यालय को चारों तरफ से सील कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान किसी राष्ट्रीय पार्टी के ऑफिस में लोगों की एंट्री कैसे रोकी जा सकती है? हम इलेक्शन कमीशन में इसकी शिकायत करेंगे। इधर तिहाड़ में बंद ठग सुकेश ने केजरीवाल के नाम चिट्ठी लिखी है। उसने लिखा- डियर ब्रदर अरविंद केजरीवाल, वेलकम टु तिहाड़ क्लब। मैं बहुत खुश हूं कि मेरे तीनों भाई अब यहां है, तिहाड़ क्लब चलाने के लिए चेयरमैन बिग बॉस- अरविंद केजरीवाल। सीईओ-मनीष सिसोदिया और सीओओ- सत्येंद्र जैन।

**कांग्रेस नेता संजय निरुपम ने कहा- केजरीवाल को इस्तीफा देना चाहिएः** कांग्रेस नेता संजय निरुपम ने कहा, 'कोर्ट तय करेगा कि अरविंद केजरीवाल ने कोई पैसा लिया है या नहीं, इस पर मैं कुछ नहीं कह सकता, लेकिन जब कोई व्यक्ति, खासकर किसी सीएम पर भ्रष्टाचार का आरोप लगता है और वह कहता है कि वह जेल से सरकार चलाएगा, इस्तीफा नहीं देगा।

### पुलिस नेताओं को जगह-जगह रोक रहीः आतिशी

**आम** आदमी पार्टी ने एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें पुलिस आप मंत्री आतिशी को रोकती नजर आ रही है। इस वीडियो के साथ अअढ ने लिखा- कायर मोदी इतना डर गया है कि वो अब आप को चुनाव नहीं लड़ने देना चाहता। आप मंत्री आतिशी को भी पुलिस जगह-जगह रोक रही है। मोदी जी एक काम करो, सब आप नेताओं और कार्यकर्ताओं को गोली मार दो, आपका काम आसान हो जाएगा।

### 'हमने चुनाव आयोग से मिलने के लिए वक्त मांगा'

**आतिशी** ने शनिवार को बताया कि हमने चुनाव आयोग से मिलने के वक्त मांगा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव नजदीक होने के बाद भी दिल्ली में आप का कार्यालय 'सील' कर दिया गया है। आतिशी ने कहा कि ये कदम संविधान के खिलाफ है। एक विधायक के घर पर रेड मारी गई है। उन्होंने चुनाव आयोग को लिखे पत्र में कहा कि आचार संहिता लगने के बाद भी एजेंसियों के एक्शन को रोकने के लिए फौरन कदम उठाया जाना चाहिए।

## शुरू से ही हास्यास्पद रहे हैं चीन के दावेः जयशंकर



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीन की ओर से अरुणाचल प्रदेश को लेकर बार-बार किए जा रहे दावे को हस्यास्पद करार देते हुए खारिज कर दिया। साथ ही ड्रैगन को खरी-खरी भी सुना दी। जयशंकर ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का स्वाभाविक हिस्सा है। इन दिनों जयशंकर तीन दिवसीय सिंगापुर दौरे पर हैं और उन्होंने एक कार्यक्रम में अरुणाचल मुद्दे पर एक सवाल के जवाब में कहा कि यह कोई नया मुद्दा नहीं है। मेरा मतलब है कि चीन ने अपने दावे को दोहराया है और यह नया मुद्दा नहीं है। ये दावे शुरू से ही हास्यास्पद रहे हैं और अभी भी हास्यास्पद ही बने हुए हैं। एस जयशंकर, नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (एनयूएस) के प्रतिष्ठित दक्षिण एशियाई अध्ययन संस्थान (आईएसएएस) में आयोजित एक कार्यक्रम में व्याख्यान देने पहुंचे थे।

**खारिज**

**8 मुझे लगता है कि हम इस मुद्दे पर बहुत स्पष्ट, बहुत सुसंगत रहे हैं : विदेश मंत्री एस. जयशंकर**

इसके बाद उन्होंने सवालों के जवाब में चीन को लेकर ये बातें कहीं। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि हम इस मुद्दे पर बहुत स्पष्ट, बहुत सुसंगत रहे हैं। आप जानते हैं कि यह कुछ ऐसा है, जो होने वाली सीमा चर्चा का हिस्सा होगा।"

**फास्ट न्यूज**

## बीआरएस नेता के कविता को नहीं मिली राहत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** एक्साइज पॉलिसी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बीआरएस नेता के कविता को राहत नहीं मिली। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने बीआरएस नेता के कविता की ईडी रिमांड 26 मार्च तक बढ़ा दी है। दरअसल, 22 मार्च को सप्रीम कोर्ट ने बीआरएस नेता के कविता को जमानत देने से इनकार कर दिया। उन्हें दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति घोटाला मामले में शामिल होने के लिए ईडी ने गिरफ्तार किया गया है।

**यह एक राजनीतिक मामला है:** इस बीच दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में इफ्र एमएलसी के. कविता ने मीडिया से कहा कि 'यह एक अवैध गिरफ्तारी है। हम इसे अदालत में लड़ने जा रहे हैं। यह एक राजनीतिक मामला है, एक मनगढ़ंत मामला है, एक झूठा मामला है। हम इससे लड़ रहे हैं। इसमें कोई नई बात नहीं है, वे बार-बार वही बातें पूछ रहे हैं।'

**ईडी की गिरफ्तारी को दी थी चुनौती:** बता दें कि 46 वर्षीय कविता को संघीय मनी लॉन्ड्रिंग रोधी एजेंसी ने हैदराबाद में उनके बंजारा हिल्स स्थित घर से गिरफ्तार किया था। के कविता द्वारा दायर एक रिट याचिका पर शीर्ष अदालत ने ईडी को नोटिस जारी किया है, जिसमें दिल्ली शराब नीति मामले के संबंध में ईडी द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें ट्रायल कोर्ट में जाने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला त्रिवेदी की विशेष पीठ ने उनकी याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया और कहा कि लोग सिर्फ इसलिए जमानत के लिए शीर्ष अदालत से सीधे संपर्क नहीं कर सकते क्योंकि वे राजनेता हैं या ऐसा करने में सक्षम हैं।

## केजरीवाल मामले में जर्मनी की टिप्पणी पर भारत ने जताया एतराज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर जर्मन विदेश मंत्रालय की ओर से की गई टिप्पणी पर भारत ने कड़ा एतराज जताया है। केन्द्र सरकार ने शनिवार को जर्मन दूतावास के उप प्रमुख को तलब किया और मामले को भारत का आंतरिक मुद्दा बताते हुए टिप्पणी पर विरोध दर्ज कराया है। गौरतलब है कि शुक्रवार को जर्मन विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने केजरीवाल की गिरफ्तारी पर टिप्पणी करते हुए कहा था, "भारत एक लोकतांत्रिक देश है। हम उम्मीद करते हैं कि न्यायापालिका की स्वतंत्रता और बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांतों से संबंधित मानकों को इस मामले में भी लागू किया जाएगा।"



**भारी पड़ी टिप्पणी**

**8 "न्यायापालिका की स्वतंत्रता लोकतांत्रिक सिद्धांतों से संबंधित मानकों को इस मामले में भी लागू किया जाएगा"**

**भारत ने दिया जवाबः** अब इस टिप्पणी पर भारत की ओर से जवाब आया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि 'नई दिल्ली के जर्मन दूतावास के उप प्रमुख को तलब कर उनके सामने कड़ा विरोध दर्ज कराया गया और बताया गया कि ऐसी टिप्पणी को भारत, न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप के रूप में देखता है।' हमारे आंतरिक मामलों पर उनके विदेश कार्यालय प्रवक्ता की टिप्पणियों पर भारत के कड़े विरोध से अवगत कराया गया।

## केजरवील पर भाजपा ने विपक्ष से पूछे तीखे सवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली शराब घोटाला केस में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद देश की राजनीति में उबाल आ गया है। केजरीवाल की कोर्ट में पेशी के बाद उन्हें 28 मार्च तक ईडी की रिमांड में भेज दिया गया है।

कोर्ट द्वारा बनाए गए नियमों के आधार पर अब ईडी केजरीवाल से पूछताछ कर रही है। सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद समूचा विपक्ष एकजुट हो गया है। आईएनडीआईए के नेताओं ने शुक्रवार को दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ में दोनों आयुक्तों से मुलाकात की। विपक्षी नेताओं ने केजरीवाल की गिरफ्तारी से नाराज चुनाव आयोग से हस्तक्षेप करने की मांग की है।



**जो केजरीवाल को 'भ्रष्ट नेता' कहते थे अब उनके साथ** खड़ेः इस बीच भाजपा ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उनके एकजुट हुए विपक्ष को पर कटाक्ष किया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि विपक्षी गुट के कई नेता जो उन्हें 'भ्रष्ट नेता' कहते थे अब उनके साथ खड़े हैं। कांग्रेस नेताओं द्वारा दिल्ली शराब नीति मामले में आम आदमी पार्टी और केजरीवाल की तीखी आलोचना को याद दिलाया।






# होली के गीतों के साथ उड़ रहे अबीर-गुलाल

**रंगों का त्योहार**

**8 जगह-जगह होली मिलन के कार्यक्रमों में होली के गीतों के साथ अबीर-गुलाल और फूलों की होली का रंग जम रहा है**




**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
प्यार-प्रेम और रंगों का त्योहार होली के निकट आते ही नगर और आसपास क्षेत्रों में जगह-जगह होली मिलन के कार्यक्रमों की धूम है। कार्यक्रमों में होली के गीतों के साथ अबीर-गुलाल और फूलों की होली का खूब रंग जम रहा है। ऋषिकेश प्रेस क्लब का होली मिलन समारोह देहरादून मार्ग स्थित वेडिंग प्वाइंट में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन टीएचडीसी के महाप्रबंधक कारपोरेट संचार एएन त्रिपाठी, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत गायक विजेंद्र वर्मा ने गणेश वंदना के साथ की। उन्होंने होली के गीतों के साथ सुंदर सदाबहार गजलों की प्रस्तुति से समा बांधा।
कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, सुबोध उनियाल, निवर्तमान महापौर अनीता ममगांई ने शामिल होकर सभी को होली की बधाई दी। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार आपसी सौहार्द का खूबसूरत त्योहार है। कार्यक्रम में जौनसारी कला मंच के कलाकारों ने गीत-संगीत और लोक नृत्य की सुंदर प्रस्तुतियां दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ राधा-कृष्ण की झांकी और नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। सभी ने राधा-कृष्ण के साथ फूलों की होली खेली। महामंडलेश्वर स्वामी दयाराम दास ने सभी कलाकारों को स्मृति चिह्न भेंट किए।
कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष दुर्गा नौटियाल, महासचिव विनय पांडेय, हरीश तिवारी, विक्रम सिंह, अनिल शर्मा, मनोहर काला, सुदीप पंचभैया, जितेंद्र चमोली, राजेश शर्मा, आलोक पंवार, बचन पोखरियाल, कविता शाह आदि उपस्थित रहें।
उधर, श्री परशुराम महासभा के तत्वाधान में होली मिलन समारोह रुक्मणी माई धर्मशाला में आयोजित किया गया। इस अवसर पर गीत, भजनों और कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।
इस अवसर पर महासभा के अध्यक्ष संदीप शास्त्री, महासचिव अरुण शर्मा, आरडी गौनियाल, ओम प्रकाश शर्मा, संदीप बक्शी, विद्याव्रत शर्मा, राकेश कंडवाल, राजेश शर्मा, केके शर्मा, भारत भूषण बाली, डा. शशी कंडवाल, संरक्षक दीप शर्मा, अनीता रैना, रीना शर्मा आदि उपस्थित रहे।
श्यामपुर स्थित होटल में कुमाऊंनी सभा की ओर से होली मिलन कार्यक्रम में बैठकी और खड़ी होली का आयोजन किया गया है। कुमाऊं में शास्त्रीय रागों पर आधारित बैठकी और कदमताल के साथ खड़ी होली में समूहबद्ध होकर होली गायन हुआ।
शास्त्रीय रागों में काफी, जंगला काफी, विहाग, देश, जैजैवंती, परन, बागेश्वरी, श्याम कल्याण, परज, झिंझोटी, जोगिया, भैरवी, खम्माज, पीलू, बहार आदि रागों में होली गायन होता है। खड़ी होली में समूहबद्ध होकर गायन किया गया । इसमें दो पक्ष बनाए गये। एक पक्ष होली गायन शुरू करता है, तो दूसरा पक्ष उन स्वरों को दोहराता है। होली गायन में हारमोनियम, तबला, ढोलक, ढोल, दमाऊं, मजीरा, हुड़का समेत तमाम स्थानीय वाद्य यंत्रों का प्रयोग किया गया। इस मौके पर नंदन जोशी, विवेक तिवारी. गिरीश चंद्र सोठा, चंद्र शेखर पांडे, जगदीश पांडे, महेश पाठक, संजय बोरा, मुकुल दुगार्पाल, तारादत्त, बाला दत्त पांडे, भुवन चंद्र फुलारा, भावेश जोशी, जगदीश चंद्र पांडेय,ललित चंदोला, कृष्णा तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## दून से जाने वाली ट्रेनों में भारी मारामारी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
होली को लेकर दून से चलने वाली ट्रेनों में मारामारी की स्थिति बनी हुई है। जनरल कोच की तो हालत बुरी है, जबकि आरक्षित श्रेणियों में भी लोगों को सीट नहीं मिल पा रही है। ऐसे में लोगों त्योहार पर जाने के लिए बस या फिर अन्य संसाधनों का प्रयोग करना पड़ रहा है।
अब होली का त्योहार तीन दिन बाद है। ऐसे में दूरस्थ शहरों में काम करने वाले लोग त्योहार पर अपने घर जाना चाहते है, लेकिन ट्रेन ही फुल हो गई।
दून से चलने वाली उपासना एक्सप्रेस हो या फिर हावड़ा एक्सप्रेस, वंदे भारत, शताब्दी सहित अन्य सभी ट्रेनों में सीट नहीं बची है। 23,24 व 25 मार्च देहरादून से जाने वाली सभी ट्रेनों की सीट फुल हैं।

## वाहन से पांच लाख नकद बरामद

**चेकिंग अभियान**

**8 एसएसपी अजय सिंह के निर्देश पर संपूर्ण जनपद में सघन चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं।**




**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता के प्रभावी अनुपालन में क्लेमेनटाउन पुलिस और एफएसटी टीम को बड़ी कामयाबी मिली। संयुक्त पुलिस टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान पांच लाख रुपये बरामद किए।
स्पष्ट जानकारी न देने पर टीम ने धनराशि जब्त कर ली।
एसएसपी देहरादून अजय सिंह के निर्देश पर संपूर्ण जनपद में सघन चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। शुक्रवार की रात एफएसटी और क्लेमेंटाउन पुलिस टीम ने दुधली चौकी थाना क्लेमनटाउन के पास वाहन चेकिंग के दौरान वाहन संख्या यूके07एफएस4477 ब्रेजा को रोक कर चेकिंग की गई तो उसमें से पांच लाख नकद बरामद हुए। वाहन चालक जगदंबा प्रसाद नौटियाल पुत्र सीताराम नौटियाल निवासी टी- स्टेट बंजारावाला पटेल नगर देहरादून से जब उक्त धनराशि के बारे में जानकारी ली गई तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। मौके पर मजिस्ट्रेट ने उक्त धनराशि को जब्त कर जिला कोषागार देहरादून में जमा करवाया।

## चमोली में कांडई माणखी सड़क मार्ग पर एक कार खाई में गिरी, तीन की मौत

**चमोली/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद के थाना नंदा नगर घाट क्षेत्र में कांडई माणखी सड़क मार्ग पर एक कार के खाई में गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई है। घटना शुक्रवार आधी रात के बाद की है। पुलिस के अनुसार नंदा नगर घाट चौकी को बीती रात सवा बजे के करीब सूचना मिली कि ग्राम माणखी के पास एक मारुति सुजुकी कार रोड से करीब 300 मीटर नीचे खाई में गिर गई है, जिसमें 03 व्यक्ति सवार थे। इस पर नगर पुलिस टीम मय रेस्क्यू उपकरण के मौके पर पहुंची मौके पर आसपास के गांव वालों व परिजनों की सहायता से तीनों व्यक्तियों को सरकारी अस्पताल नंदा नगर घाट लाया गया। इनमें 42 वर्षीय बद्री प्रसाद रतूड़ी पुत्र रामेश्वर प्रसाद रतूडी ग्राम कुंमजुंग, 51 वर्षीय राकेश सती पुत्र शंभू प्रसाद निवासी ग्राम माणखी और 57 वर्षीय ललित प्रसाद पुत्र इंद्रमणि सती निवासी ग्राम कांडई, थाना नंदा नगर घाट-जनपद चमोली शामिल हैं। इन तीनों की मौत हो गई है।

## दून स्पोर्टस एकेडमी में राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय कोच देंगे कोचिंग

**स्पोर्टस एकेडमी**

**8 खेलों व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए ईस्टहोप टाउन परवल रोड पर दून स्पोर्टस एकेडमी खोली है**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखण्ड सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रयास कर रही है। इसकी को लेकर देहरादून के जाखन राजपुर रोड निवासी राघव गुप्ता ने भी सरकार के कदम से कदम मिलाया है और खेलों व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए ईस्टहोप टाउन परवल रोड पर दून स्पोर्टस एकेडमी खोली है जिसमें राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय कोच किक्रेट, फुटबॉल, पेंटबॉल व स्विमिंग की कोचिंग देंगे। स्पोर्टस प्रमोशन ओर्गनाइजेशन उत्तराखण्ड में राघव गुप्ता की मां मधु गुप्ता अध्यक्ष रही है जिससे प्रेरित होकर राधव स्पोटर्स को बढ़ावा दे रहे हैं। जिसकी जानकारी देते हुए दून स्पोर्टस एकेडमी संचालक राघव गुप्ता ने कहा कि खेल मानसिक व शारीरिक विकास के साथ जीवन में भी एकाग्रता लाता है। उन्होनें कहा कि सरकार खेलों को बढ़ावा दी रही है जिससे उत्तराखण्ड का नाम देश व दुनिया में खिलाड़ी रोशन कर रहे हैं। सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए नौकरियों में क्षेतिज आरक्षण दिया है जिससें की खेलों को बढ़ावा मिल सकें। अब बच्चों का रूझान भी खेलों की तरफ हो रहा है। इसकी को लेकर दून स्पोर्टस एकेडमी की स्थापना की गई है जिससे की उत्तराखण्ड के बच्चों को एक दिशा तय कर खेलों की कोचिंग मिल सकें। राघव गुप्ता ने कहा कि उत्तराखण्ड में 38 वें राष्ट्रीय खेल होने जा रहे है। जिससे कि पूरे देश की नजर उत्तराखण्ड पर है। खेलों को बच्चे अब रोजगार से जोड़ रहे है जिसके

## टाटा आईपीएल 2024 के पहले दिन दर्शकों ने जियोसिनेमा के जीतो धन धना धन के साथ सोना जीता

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
जियोसिनेमा अपनी लोकप्रिय जियोसिनेमा प्रिडिक्ट एंड विन गेम गेम जीतो धन धना धन-को इस सीजन में धमाकेदार तरीके से वापस लेकर आया है इस सीजन माई11सर्किल प्रेसेंटिंग स्पॉन्सर के रूप में सामने आया है। 22 मार्च को जब चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु के बीच पहला मुकाबला हुआ, तो दर्शक प्रथम पुरस्कार के रूप में 50 लाख रुपये मूल्य का सोना जीता जबकि दूसरा पुरस्कार 10 लाख रुपये मूल्य का सोना था और साथ में 50 विजेताओं को जीतो धन धना धन पर क्रमशः 1 लाख रुपये जीतने का मौका मिला। वायकॉम18 के प्रवक्ता ने कहा यह सहयोग लाइव क्रिकेट दर्शकों से बड़े पैमाने पर जुड़ने का एक सार्थक तरीका है जिसे भारत में कोई भी मिस नहीं करना चाहेगा। हमारा इरादा लाइव मैच देखने के अनुभव को और अधिक आकर्षक बनाकर उसे नया रूप देना है और इसीलिए हमने इस सीजन में जीतो धन धना धन पर दांव बढ़ा दिया है कंटेंटसामग्री का गेमिफिकेशन डिजिटल स्पोर्ट्स कंजम्पश के अनुभव को और अधिक सार्थक बनाता है क्योंकि यह प्लेटफॉर्म के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रोत्साहित करता है। प्रायोजकों के लिए यह विशाल, एंगेज्ड दर्शक, उनके ब्रांड की दृश्यता, जुड़ाव को बढ़ाता है और संभावित रूप से उनके ब्रांड के लिए नए उपयोगकर्ता लाता है।
गेम्स 24 घण्टे के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट (ब्रांड और मार्केटिंग)- अविक कानूनगो ने कहा माय11सर्कल जियोसिनेमा पर जीतो धन धना धन के प्रेजेंटिंग स्पॉन्सर के रूप में शामिल होने से रोमांचित है। यह एक पूरी तरह से समन्वित साझेदारी है जो हमें आईपीएल के दौरान अपने उपभोक्ताओं से जुड़ने का सबसे भरोसेमंद तरीका देगी
इसके अलावा, फैन्स को दूसरे मैच से लेकर हर मैच में मोटरसाइकिल और स्मार्ट टीवी जीतने का मौका मिलेगा। जियोसिनेमा ने इस सीजन में प्रतियोगिता को और भी मजेदार बना दिया है, जहां फैन्स इस सीजन के लिए वीकली बंपर पुरस्कार के तौर पर एक खूबसूरत हैचबैक कार जीतने के लिए अपनी किस्मत आजमा सकते हैं।
फ्री-टू-प्ले-जीतो धन धना धन-दर्शकों को हर सही उत्तर के लिए कई ब्रांड कूपन भी प्रदान करेगा। दर्शक फोन को पोर्ट्रेट या लैंडस्केप मोड में पकड़ कर मैच का लुत्फ ले सकते हैं, जो इस साल प्रशंसकों के लिए एक नई शुरूआत है, जिससे स्क्रीन के नीचे एक चौट बॉक्स खुलेगा, जहां हर ओवर से पहले चार विकल्पों के साथ सवाल दिखाई देगा।

## दो वर्ष में धामी ने लिखी उत्तराखंड के विकास की नई गाथा: डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक

**वार्ता**

**8 पिछले 24 महीने में धामी सरकार ने अपनी 48 गारंटियों को जनता के सामने पूरा किया है: रमेश पोखरियाल निशंक**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि अटल जी के सपनों का उत्तराखंड मोदी के विजन और धामी की कार्यशैली से आज विकास की एक नई गाथा लिख रहा है।
सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने धामी सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता में कहा कि प्रदेश की धामी सरकार ने अनेक नई पहल करते हुए उत्तराखंड में विकल्प रहित संकल्प की अवधारणा को धरातल पर उतारने का काम किया है। पिछले 24 महीने में धामी सरकार ने अपनी 48 गारंटियों को जनता के सामने पूरा किया है।
उत्तराखंड समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। इस कानून से उत्तराखंड के प्रत्येक नागरिक को जाति, धर्म एवं वर्ग के भेदभाव से रहित होकर समान नागरिक और कानूनी अधिकार प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में जबरन धर्मांतरण रोकने के लिए सख्त धर्मांतरण विरोधी कानून लागू किया गया। नकल विरोधी कानून और दंगा रोधी कानून बनाकर कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने का काम किया गया है।
उन्होंने कहा कि प्रदेश की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली बहनों को सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत और राज्य आंदोलनकारी को 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया है। नागरिकों के स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रदेश में 7 लाख से अधिक नागरिक आयुष्मान योजना के अंतर्गत मुफ्त उपचार करा चुके हैं। सभी नागरिकों को 207 प्रकार की मेडिकल जांच निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। लखपति दीदी योजना के अंतर्गत सवा लाख महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने का काम किया जा रहा है।निशंक ने कहा कि प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन कर अब तक धरातल पर 71000 करोड़ रुपये का निवेश कराया जा चुका है। होम स्टे योजना और एक जनपद दो उत्पाद योजना को लागू कर प्रदेश के नागरिकों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने का काम किया है। इस 2 साल के अभूतपूर्व कार्यकाल में विभिन्न रोजगार मेलों के माध्यम से युवाओं को नौकरियां दी जा रही हैं और 7644 युवाओं को सरकारी नौकरियां प्रदान की गई है।
उन्होंने बताया कि उत्तराखंड की सैन्य पृष्ठभूमि को ध्यान में रखते हुए उत्तराखंड में पांचवें धाम के रूप में शहीद सैनिकों को समर्पित सैन्य धाम की स्थापना की जा रही है, जिसके लिए प्रदेश के 1734 शहीद सैनिकों के आंगन की मिट्टी लाई गई है। प्रत्येक शहीद सैनिक परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी में समायोजित किया जा रहा है।

## पूर्व बसपा विधायक हरिदास भाजपा में शामिल



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी का परिवार लगातार बड़ा होता जा रहा है। सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजनों के भाजपा में शामिल होने के बाद अब बसपा के वरिष्ठ नेता भी भाजपा में शामिल हो रहे हैं। शनिवार को पूर्व बसपा विधायक हरिदास ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उनको शपथ दिलाई। लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच बसपा को बड़ा झटका लगा है। पूर्व बसपा विधायक हरि दास ने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थाम लिया है। आज पूर्व बसपा विधायक हरि दास अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इनमें पूर्व बसपा अध्यक्ष बृजवाल भी शामिल हैं।
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भट्ट और पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने सभी का पार्टी में स्वागत कर उन्हें सदस्यता दिलाई। इस बाबत पूर्व बसपा विधायक हरिदास का कहना था कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुए हैं। उनके साथ भारी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग भी शामिल थे जिन्होंने भाजपा की सदस्यता ली।

## नशामुक्त भारत अभियान में सर्वाधिक संख्या में युवा जुड़ें : प्रो. शतांशु



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा होते हैं और युवाओं की शक्ति का समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। यह अति आवश्यक है कि नशामुक्त भारत अभियान में सर्वाधिक संख्या में युवा जुड़ें। यह विचार कुलपति प्रो. सोमदेव शतांशु ने सात दिवसीय विशेष शिविर के बौद्धिक सत्र नशा मुक्त भारत अभियान के दौरान व्यक्त कर रहे थे।
गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई चार के तत्वावधान में आयोजित शिविर में प्रो.विपुल शर्मा ने स्वयंसेवकों से कहा कि नशा किसी भी परिवार और समाज के लिए अभिशाप है। योग और यज्ञ से शरीर दोषमुक्त होता है। उन्होंने स्वयंसेवकों से नशे के खिलाफ जनजागरूकता अभियान चलाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. धर्मेंद्र बालियान ने छात्रों को फिट इंडिया कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया।
एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मयंक पोखरियाल ने कुलपति के सम्मुख विगत सात दिन में किए कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि सात दिवसीय शिविर के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों के समग्र व्यक्तित्व विकास एवं सामुदायिक सेवा के लिए विभिन्न परियोजना कार्य जैसे 500 पौधों की एनएसएस वाटिका निर्माण, 500 से अधिक पेड़ों में नियमित पानी डालना, परिसर की नियमित सफाई, युवा सर्वेक्षण के तहत बजरीवाला बस्ती के 300 से अधिक परिवारों तक पहुंचकर शिक्षा, स्वच्छता, नशा उन्मूलन, पर्यावरण, गंगा घाट सफाई, डिजिटल लिटरेसी, डिजिटल इंडिया, फिट इंडिया, कैशलेस इंडिया, शिक्षा, मतदाता जागरूकता, रक्तदान आदि के लिए अभियान चलाकर जागरूक किया। विश्वविद्यालय के कुलपति सोमदेव शतांशु ने सभी स्वयंसेवकों को महर्षि दयानंद की पुस्तक सत्यार्थ प्रकाश और आचार्य बालकृष्ण की पुस्तक यज्ञ और योग चिकित्सा पुस्तक देकर सम्मानित किया।

## सरकार ने 24 माह में 48 गारंटी पूरी कर जनता को दिया लाभ: चंडीप्रसाद भट्ट

**बातचीत**

**8 धामी ने निर्णय लिए हैं जिसमें समान नागरिक संहिता, दंगा निरोधक कानून, नकल अध्यादेश शामिल है।**



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
सीमांत क्षेत्र अनुश्रवण समिति के उपाध्यक्ष राज्य मंत्री चंडी प्रसाद भट्ट ने कहा कि दो वर्ष में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार ने 48 गारंटी को पूरा कर जनता को लाभ पहुंचाया है।
उत्तरांखड सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर शनिवार को उपाध्यक्ष राज्य मंत्री चंडी प्रसाद भट्ट पत्रकारों से बातचीत कहा कि उत्तराखंड सरकार के दो वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। इन दो वर्षों में सरकार ने राज्य में हर क्षेत्र में कार्य किया है शिक्षा, स्वास्थ, सड़क, खेल, राज्य के आम नागरिकों के हित कार्य किए।
मुख्यमंत्री धामी ने राज्य हित में कठोर निर्णय लिए हैं जिसमें समान नागरिक संहिता, दंगा निरोधक कानून, नकल विरोधी अध्यादेश शामिल है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सरकारी भूमि मे अवैध कब्जे को हटाकर कई हेक्टेयर भूमि कब्जा मुक्त किया। राज्य सरकार ने महिलाओं के हित में 30 फीसदी क्षैतिज आरक्षण का फैसला लेकर महिलाओं के अधिकारों को सशक्त बनाया, वहीं राज्य निर्माण आंदोलनकारियों को 10 फीसदी क्षैतिज आरक्षण देने का फैसला किया।
उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य किया है। राज्य के हर जरूरतमंद नागरिक समय पर इलाज हो उसके लिऐ आयुष्मान योजना लाकर परिवार के हर सदस्य का पांच लाख तक का इलाज मुफ्त करने की सुविधा दी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने देश विदेश के के उद्योगों को उत्तराखंड में निमंत्रण दिया, जिसके परिणाम स्वरूप 71 हजार करोड़ की परियोजनाओं को धरातल पर उतारा है।
इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश मैखुरी, थराली के विधायक भोपाल राम टम्टा, कर्णप्रयाग के विधायक अनिल नौटियाल, लोकसभा चुनाव विस्तारक योजना के प्रदेश सहसंयोजक ऋषि कंडवाल, लोकसभा चुनाव बदरीनाथ विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रभारी बिनोद नेगी, विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति के विधानसभा के संयोजक गजेन्द्र रवत, जिला महामंत्री कुलदीप वर्मा, राकेश जोशी, तारेंद्र थपलियाल, राजेंद्र हटवाल आदि मौजूद थे।

## हरिद्वार की डिप्टी कलेक्टर बनीं युक्ता मिश्रा

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
जिलाधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने सुश्री युक्ता मिश्रा डिप्टी कलेक्टर, हरिद्वार को अपर उप जिलाधिकारी, रुड़की के रिक्त पद पर तत्काल प्रभाव से तैनात किया है।
उन्होंने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शिता से कराने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निदेशों के क्रम में सुश्री युक्ता मिश्र, पीसीएस का स्थानान्तरण उप सचिव, उत्तराखण्ड सूचना आयोग, देहरादून के पद से डिप्टी कलेक्टर, हरिद्वार के पद पर किया गया है।

# राज्यपाल से राष्ट्रीय सैनिक संस्था के पदाधिकारियों ने राजभवन में की भेंट

**शिष्टाचार भेंट**

**8 राज्यपाल ने होली की बधाई और शुभकामनाएं दी और शाखा के क्रिया कलापों के बारे में जानकारी ली**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) से शनिवार को राजभवन में राष्ट्रीय सैनिक संस्था रुड़की, हरिद्वार शाखा के पदाधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर राज्यपाल ने होली की बधाई और शुभकामनाएं दी और उनसे शाखा के क्रिया कलापों और गतिविधियों के बारे में जानकारी ली।



## राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत हुआ सात दिवसीय विशेष शिविर

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर हो गया। शिविर के अंतर्गत देसंविवि के 350 स्वयंसेवियों ने स्वच्छता, नशा उन्मुलन, वृक्षारोपण, योग, यज्ञ, स्वास्थ्य जागरूकता जैसे अनेक विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।
देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने शिविर की सफलता पर सभी को आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन दिया और टीम के कठिन पुरुषार्थ की सराहना की। उन्होंने कहा कि एनएसएस स्वयंसेवकों ने ग्रामीण जनता को अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा संचालित सप्त आंदोलन एवं विभिन्न सकारात्मक गतिविधियों को ग्रामवासियों तक पहुंचाया हैं।

# धामी सरकार के दो साल के कार्यकाल को सोशल मीडिया पर मिला समर्थन

**टॉप ट्रेंडिंग**

**8 एक्स प्लेटफॉर्म पर हैश टैग धामी सरकार के दो साल दिनभर टॉप ट्रेंडिंग में बना रहा।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
धामी सरकार के दो साल के कार्यकाल का सोशल मीडिया पर भी खूब बोलबाला रहा। शनिवार को धामी सरकार के दो साल पूरे होने पर सोशल मीडिया यूजर्स ने सरकार के फैसलों, कार्यों और गुड गवर्नेंस को भरपूर समर्थन दिया। एक्स प्लेटफॉर्म पर हैश टैग धामी सरकार के दो साल दिनभर टॉप ट्रेंडिंग में बना रहा।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का दो वर्ष का कार्यकाल उपलब्धियों से भरा रहा है।




आम जनता के हितों की खातिर लिए गए उनके सख्त और दमदार फैसले देश के दूसरे राज्यों के लिए नजीर बने। देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून बनाकर धामी सरकार ने प्रतियोगी परीक्षाओं में ग्रहण बने नकल माफिया के गठजोड़ को ध्वस्त किया तो धर्मांतरण कानून बनाकर जबरन धर्म परिवर्तन को सख्ती से रोका है। देवभूमि के मूल स्वरूप को बनाए रखने के लिए मुख्यमंत्री ने लैंड जिहाद पर करारी चोट ही नहीं की बल्कि हजारों एकड़ सरकारी भूमि को भी अतिक्रमण से मुक्त कराया है।
मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का बिल पास करने वाला उत्तराखंड आजाद भारत का पहला राज्य बन गया है। अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए मुख्यमंत्री ने जो भी बड़े फैसले लेने की घोषणा की। उनको बिना किसी देरी से निर्णय लेकर अमलीजामा भी पहनाया है। आज यही वजह है कि मुख्यमंत्री धामी की लोकप्रियता का ग्राफ उत्तराखंड राज्य ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर भी लगातार बढ़ता जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### चुनाव से पूर्व बसपा को बड़ा झटका, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व विधायक ने दिया इस्तीफा

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
दो वर्षों से स्वयं को हरिद्वार सीट से लोकसभा का उम्मीदवार घोषित कर चुनाव मैदान में उतरी भावना पांडेय के बसपा में शामिल होने से खुश हैं, लेकिन बसपा को हरिद्वार जनपद में बड़ा झटका लगा है।
भावना पांडेय के बसपा में शामिल होने के बाद बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आदित्य बृजपाल और पूर्व विधायक हरिदास ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ बसपा को अलविदा कह दिया है। बसपा के लिए यह बड़ा झटका माना जा रहा है। चर्चा है कि इस्तीफा देने के बाद दोनों नेता अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। इसके चलते बसपा का एक बड़ा वोट बैंक बसपा से छिटक सकता है, जो बसपा और भावना पांडेय दोनों के लिए बड़ा झटका है।

### गोदरेज ला फेयर सिलेक्ट कंटेंट क्रिएटर हंट में नॉर्थ इंडिया को 52 प्रतिशत से अधिक स्पॉट प्राप्त हुए!

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारत के प्रीमियर इंफ्लूएंसर हंट प्रोग्राम गोदरेज ला फेयर सेलेक्ट का इनॉग्रल एडिशन की शुरूआत हो चुकी है। गोदरेज इंडस्ट्रीज लिमिटेड एंड एसोसिएट कंपनीज के की स्वामित्व वाली लग्जरी लाइफस्टाइल मीडिया प्लेटफॉर्म, गोदरेज लाह्म फेयर द्वारा क्यूरेट किया गया यह कार्यक्रम 29 मार्च, 2024 को गोदरेज ला फेयर के छठे एडिशन में टॉप 25 कंटेंट क्रिएटर को सम्मानित करने के लिए तैयार है।
इन कंटेंट क्रिएटर्स ने भारत भर के 200 भारतीय शहरों, कस्बों और गांवों के 10,000 से अधिक प्रतिभागियों को पछाड़ दिया है। सिलेक्टेड 25 क्रिएटर्स को अब विशेष गोदरेज ला फेयर सिलेक्ट क्रिएटर्स ग्रुप में शामिल किया जाएगा, जिसे इंटरनेट सेनसेशन रणवीर अल्लाहबादिया, जिन्हें बीयर बाइसेप्स के नाम से जाना जाता है, द्वारा मेंटर्ड किया जाता है। यह प्लेटफॉर्म टियर 2 और टियर 3 शहरों सहित पूरे भारत के कंटेंट क्रिएटर्स और क्रिएटिव टैलेंट को सशक्त बनाता है, जो उनकी स्किल को प्रदर्शित करने और व्यापक दर्शकों के साथ जुड़ने के लिए एक शानदार अवसर प्रदान करता है।20271 तक क्रिएटर इकोनॉमी 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है, भारत सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर्स के लिए दुनिया के सबसे बड़े हब का खिताब का क्लेम करने के लिए तैयार है। 28.2 वर्ष की औसत आयु वाली यंग पापुलेशन में ये क्रिएटर हमारी इकोनॉमी को आगे बढ़ाने, विकास को बढ़ावा देने और कंजम्पशन ट्रेंड को प्रभावित करने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इस पोटेंशियल को पहचानते हुए, गोदरेज लाह्म फेयर ने उभरती प्रतिभाओं को नर्चर करने और भारत के युवाओं को कुशल बनाने पर ध्यान केंद्रित करके, देश के विकसित भारत के दृष्टिकोण के साथ खुद को जोड़ते हुए, पिछले साल इस कमिटमेंट की शुरूआत की। सिलेक्शन प्रोसेस को जूरी की विशेषज्ञता से लाभ हुआ जिसमें लाइफस्टाइल, ट्रैवल,लग्जरी, हेल्थ और पैरेंटिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख लोग शामिल थे।
गोदरेज इंडस्ट्रीज लिमिटेड एंड एसोसिएट कंपनीज के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और चीफ ब्रांड ऑफिसर तान्या दुबाश ने कहा कि गोदरेज डिजिटल पीआर क्षेत्र को अपनाने वाले पहले लोगों में से एक था, और हमें अनगिनत क्रिएटर्स को अपनी यात्रा शुरू करने और आज इंफ्लूएंसर के रूप में विकसित होते देखने का सौभाग्य मिला है। अपने एक्सपीरियंस और समझ का लाभ उठाते हुए हम गोदरेज लाह्म फेयर सेलेक्ट के माध्यम से हम उभरते क्रिएटर लैंडस्केप में नेक्स्ट जनरेशन के टैलेंट को सशक्त बनाकर क्रिएटर इकोनॉमी को वापस लौटाने का प्रयास कर रहे है।
गोदरेज लाह्म फेयर सेलेक्ट के मेंटर रणवीर अल्लाहबादिया ने कहा कि एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जो कंटेंट कम्युनिटी के बारे में पैशनेट है, मैं गोदरेज लाह्म फेयर सेलेक्ट को लेकर अविश्वसनीय रूप से उत्साहित हूं। अलग अलग बैकग्राउंड से रॉ टैलेंट को खोजने और उनका नर्चर करने के लिए कार्यक्रम का कमिटमेंट वास्तव में इंस्पायरिंग है। मेरा मानना है कि इन क्रिएटर्स में नेक्सट जेनरेशन के कंटेंट लीडर बनने की क्षमता है, और मैं उनकी यात्रा को देखने और गोदरेज लाह्म फेयर 2024 में उन्हें सम्मानित करने के लिए उत्सुक हूं।भारत भर के विभिन्न राज्यों से चुने गए टॉप 25 कंटेंट क्रिएटर्स में ओडिशा को रिप्रेजेंट करने वाली अश्विता बेहरा, देहरादून से माणिक कौर, दिल्ली से गौरव तोमर, जान्हवी बत्रा और आदित्य पंवार, गोवा से अक्षय अमृत वोल्वोइकर, हिमाचल प्रदेश से डीओन डेमामाउंट, जम्मू से प्रणी मगोत्रा और महाराष्ट्र से एक ग्रुप जिसमें सागर कादेकर, आनंदिता बख्शी, आयशा लखानी, सानिका पोयकर, शोएब अली, योगिता नाइक, रूपेश जादवानी, पायल अग्रवाल मुखर्जी और निधि चौहान शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, कृतिका खर्रा और प्राची जैन राजस्थान से, जबकि अमीषा सिन्हा, वैभव नवलानी, साक्षी दीक्षित, स्वाति सोढ़ी और देव्यांशी बजाज उत्तर प्रदेश से हैं। आइशी सरकार पश्चिम बंगाल का प्रतिनिधित्व करते हुए इस सूची में शामिल हैं।

## हिस्ट्रीशीटर सहित दो आरोपित तमंचे और कारतूस सहित गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद की झबरेड़ा पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक हिस्ट्रीशीटर समेत दो आरोपितों को तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों आरोपितों के खिलाफ 3-3 मुकदमे दर्ज हैं।
चुनावों के दृष्टिगत पुलिस ने वाहनों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया हुआ है। इस दौरान पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर तमरेज पुत्र शहीद को अवैध तमंचे और 01 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। साथ ही आरोपित दिलशाद पुत्र शकील निवासीगण खजूरी झबरेड़ा जिला हरिद्वार को अवैध 312 बोर तमंचे व जिंदा कारतूस के साथ धर दबोचा।

# टीबी के प्रबंधन में आने वाली चुनौतियों पर विशेषज्ञों ने की चर्चा

**विश्व टीबी दिवस**

**8 टीबी के प्रबंधन में आने वाली चुनौतियों पर विशेषज्ञों की पैनल चर्चा का आयोजन किया गया।**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में पल्मोनरी मेडिसिन विभाग और कोर कमेटी एनटीईपी, एम्स ऋषिकेश के संयुक्त तत्वावधान में विश्व टीबी दिवस पर अंतर्विभागीय प्रश्नोत्तरी क्विज प्रतियोगिता और टीबी के प्रबंधन में आने वाली चुनौतियों पर विशेषज्ञों की पैनल चर्चा का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ के पूर्व डीन रिसर्च और पूर्व विभागाध्यक्ष पल्मोनरी मेडिसिन पद्मश्री प्रो. डॉ. दिगंबर बेहरा ने टीबी रोग में प्रतिमान प्रत्येक चिकित्सक को 'क्या पता होना चाहिए' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने टीबी की बीमारी के प्रारंभ से अब तक की यात्रा तथा उसके उपचार संबंधी विषय पर विस्तृत जानकारी दी।
संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर डॉ. मीनू सिंह ने बच्चों की टीबी पर व्याख्यान दिया और उसके निदान और उपचार पर प्रकाश डाला। प्रो. मीनू सिंह ने बताया कि रोगियों के साथ-साथ उनके पारिवारिक जनों को भी अपनी स्क्रीनिंग (छाती का एक्सरे और बलगम) की जांच नियमित तौर पर करानी चाहिए। उन्होंने एनटीईपी कार्यक्रम के तहत तपेदिक रोकथाम चिकित्सा और टीबी उन्मूलन में इसके महत्व पर भी जोर दिया ताकि टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।
इस दौरान सभी पैनलिस्ट ने एक्स्ट्रा पल्मोनरी और पल्मोनरी टीबी के अनेक पहलुओं पर चर्चा की गई। अंतर्विभागीय प्रश्नोत्तरी क्विज प्रतियोगिता में डॉ. पवन, डॉ. श्रीजिथ और डॉ. निधि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में एमबीबीएस, पीजी एवं नर्सिंग विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में संस्थान की संकायाध्यक्ष (शैक्षणिक) प्रोफेसर जया चतुर्वेदी, पल्मोनरी मेडिसिन विभागाध्यक्ष प्रोफेसर गिरीश सिंधवानी, अपर आचार्या और नोडल अधिकारी डॉ. रुचि दुआ, सह आचार्य एवं नोडल अधिकारी (सीएफएम) डॉ. योगेश बहुरूपी, सह आचार्य डॉ. प्रखर शर्मा, डॉ. लोकेश कुमार सैनी, एसटीएफ देहरादून उत्तराखंड के चेयरमैन डॉ. प्रदीप अग्रवाल, राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ. पंकज सिंह, जिला क्षय रोग अधिकारी, देहरादून डॉ. मनोज कुमार वर्मा के अलावा पैनलिस्ट के तौर पर डॉ. रवि कांत, डॉ. मीनाक्षी धर, डॉ. अभिषेक भारद्वाज, डॉ. मृत्युंजय कुमार, डॉ. पंकज कंडवाल शामिल थे।

# होली समाज में सद्भाव स्थापित करता है: राय

**स्वागत**

**8 40 वीं वाहिनी पीएसी के कमांडेंट प्रदीप कुमार राय ने अतिथियों का स्वागत किया।**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
वीं वाहिनी पीएसी हरिद्वार में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।
इस अवसर पर होली के गीत गाए गए। गढ़वाली, कुमाऊंनी, जौनसारी और भोजपुरी भाषा में होली के गीत गाने वाले होलियारों ने माहौल को खुशनुमा बना दिया।
40 वीं वाहिनी पीएसी के कमांडेंट प्रदीप कुमार राय ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार समाज में सद्भाव स्थापित करने के लिए है। 40वीं वाहिनी पीएसी के डिप्टी कमांडेंट सुरजीत पंवार ने कहा कि होली असत्य पर सत्य की जीत है और हमेशा सत्य की विजय होती है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट खिलाड़ी प्रकाश जोशी ने विचार रखें।



## सोशल मीडिया पर प्रकाशित करने से पूर्व सामग्री को एमसीएमसी की स्वीकृति अनिवार्य

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
लोकसभा चुनाव में प्रचार सामग्री को सोशल मीडिया पर प्रकाशित करने से पूर्व जिला स्तर पर गठित एमसीएमसी कमेटी से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। नोडल अधिकारी एमसीएमसी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश ने बताया कि इलेक्ट्रानिक मीडिया, पोर्टल, वेबसाइट, फेसबुक, व्हाट्सअप, इंस्टाग्राम आदि सोशल प्लेटफार्म संचालित करने वाले बिना अनुमति के प्रचार सामग्री का इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया में अपलोड करना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा।

# एंजेल वन ने आईपीएल के साथ अपनी आधिकारिक साझेदारी की घोषणा की

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
टैक्नोलॉजी आधारित वित्तीय सेवा कंपनी एंजेल वन लिमिटेड ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है। यह साझेदारी 2024 से 2028 तक की पांच साल की अवधि के लिए है। इस दौरान कंपनी वित्तीय सेवा श्रेणी में आईपीएल के एसोसिएट पार्टनर के रूप में काम करेगी। इस गठबंधन के माध्यम से, एंजेल वन का लक्ष्य वित्तीय जागरूकता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए आईपीएल के जरिये बड़ी संख्या में देश में विशेषकर युवा वर्ग के बीच पहुंचना है।
आईपीएल के साथ जुड़ने से एंजेल वन के लिए अपने ब्रांड को बड़े पैमाने पर प्रदर्शित करने का एक आकर्षक अवसर मिलेगा, क्योंकि इस कार्यक्रम की टेलीविजन और डिजिटल प्लेटफार्मों पर 800 मिलियन से अधिक दर्शकों तक पहुंच है। बीसीसीआई के साथ यह साझेदारी विकास और विस्तार के लिए नए रास्ते खोलने की एंजेल वन के दीर्घकालिक विजन और प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करती है।
चूंकि कंपनी जेन जेड और यंग मिलेनियल्स पर ध्यान केंद्रित करने का इरादा रखती है, ऐसे में यह सहयोग बड़ी संख्या में दर्शकों के साथ जुड़ने के लिहाज से एक महत्वपूर्ण कदम है। एंजेल वन का उद्देश्य ब्रांड से जुड़ी आत्मीयता को बढ़ावा देना, जुड़ाव बढ़ाना और अपने लक्षित वर्ग के बीच अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए आईपीएल की व्यापक पहुंच का लाभ उठाना है।
आईपीएल 2024 के लिए छह आधिकारिक सहयोगी भागीदारों में से एक एंजेल वन अपने इनोवेटिव सुपरऐप प्लेटफॉर्म को बढ़ावा देकर वित्तीय निवेश और व्यापार को सरल बनाने की दिशा में अपनी कोशिशों को जारी रखता है। हाल ही में, एंजेल वन ने हैशटैगरहोहमेशासुपर कैम्पेन लॉन्च किया, जिसका उद्देश्य निवेश और व्यापार परिदृश्य में क्रांति लाना है। एंजेल वन शीर्ष गति, सुरक्षा और विश्वसनीयता प्रदान करके उपयोगकर्ता अनुभव को बढ़ाने के लिए समर्पित है, जो क्रिकेट प्रशंसकों के उनके पसंदीदा क्रिकेटरों के निरंतर प्रदर्शन में विश्वास और आश्वासन को दर्शाता है।
साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए, एंजेल वन लिमिटेड के चीफ ग्रोथ ऑफिसर श्री प्रभाकर तिवारी ने कहा कि आईपीएल 2024 के लिए बीसीसीआई के साथ साझेदारी करने को लेकर हम बहुत उत्साहित हैं। भारत में क्रिकेट सिर्फ एक खेल नहीं है, बल्कि यह एक विशेष स्थान रखता है। आईपीएल की विशाल पहुंच हमें लाखों क्रिकेट प्रेमियों को जानकारीपूर्ण वित्तीय निर्णय लेने के लिए आवश्यक ज्ञान और उपकरणों के साथ सशक्त बनाने का एक अनूठा अवसर प्रदान करती है।

# उत्तराखंड की पांचों सीटों पर भाजपा की होगी प्रचंड जीत: कौशिक

**शुभकामनाएं**

**8 उत्तराखंड की पांचों सीट के साथ पूरे देश में 400 पार सीट भारतीय जनता पार्टी जीतने जा रही है।**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
विधायक मदन कौशिक ने रुड़की रैली प्रस्थान से पूर्व कार्यकताओं के साथ फूलों की होली खेल सभी देशवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रचंड बहुमत के साथ उत्तराखंड की पांचों सीट के साथ पूरे देश में 400 पार सीट भारतीय जनता पार्टी जीतने जा रही है। इसके साथ ही हरिद्वार लोकसभा सीट रिकार्ड जीत के साथ त्रिवेंद्र रावत का इतिहास लिखेंगे। आज हरिद्वार विधानसभा से कार्यकताओं ने पूरे जोश के साथ रुड़की रैली को सफल बनाने के लिए कूच किया।
इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विकास तिवारी और वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील सेठी ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हरिद्वार विधायक मदन कौशिक के नेतृत्व में एक एक कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ हरिद्वार लोकसभा सीट को रिकार्ड मतों से जिताने को संकल्प ले चुका है।
प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत का सपना उत्तराखंड की पांचों सीटों को उनकी झोली में डालकर उनके हाथों को 2024 में और मजबूत करना ही एक-एक कार्यकर्ता का लक्ष्य है, जिसको उत्तराखंड समेत हरिद्वार की जनता का आशार्वाद भी मिलेगा। मोदी के कार्यों को जनता ने सराहा है, निश्चित ही 400 पार का लक्ष्य उत्तराखंड हरिद्वार लोकसभा सीट से शुरू होगा और पूरा होगा।
इस अवसर पर मुख्य रूप से अन्नू कक्कड़, सुभाष जैसल,मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष तरुण नैयर, मंडल अध्यक्ष हीरा बिष्ट,दीपांशु विद्यार्थी,विशाल गर्ग, अनिरुद्ध भाटी, सचिन बेनीवाल, राजकुमार गुप्ता, आकाश भाटी, विदित शर्मा,ललित रावत, भूपेंद्र कुमार, अनिल वशिष्ठ और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# समिति ने शोध अध्ययन की स्थिति पर किया विचार विमर्श

**शुभकामनाएं**

**8 उत्तराखंड की पांचों सीट के साथ पूरे देश में 400 पार सीट भारतीय जनता पार्टी जीतने जा रही है।**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
श्री देव सुमन विश्वविद्यालय के पंडित ललित मोहन परिसर में शोध अध्ययन समिति ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर दूसरे रूप से चर्चा करते हुए विश्वविद्यालय में वर्तमान शोध अध्ययन की स्थिति पर विचार विमर्श किया।
शनिवार को शोध अध्ययन समिति ने कुलपति की अध्यक्षता में एक बैठक की। इसमें विश्वविद्यालय में वर्तमान शोध अध्ययन की स्थिति और भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। शोध अध्ययन समिति के निदेशक प्रोफेसर अहमद परवेज ने सत्र 2023 -24 से शोध अध्ययन कार्यक्रम की अब तक की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। इसी क्रम में आगामी वर्षों हेतु शोध अध्ययन योजनाओं को भी प्रस्तुत किया गया। विश्वविद्यालय में शोध की गुणवत्ता को बढ़ाने हेतु कुलपति ने कई सुझाव भी दिए। इससे पूर्व कार्यक्रम के प्रारंभ में परिसर निदेशक प्रो. महावीर सिंह रावत ने कुलपति प्रोफेसर एनके जोशी का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर किया।
इस अवसर पर प्रोफेसर एम एस रावत परिसर निदेशक, विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार श्री के0 आर0 भट्ट सहित शोध अध्ययन समिति के अपर निदेशक प्रोफेसर स्मिता, संयुक्त निदेशक प्रोफेसर दीपा शर्मा, उपनिदेशक डॉ विभा कुमार, आइक्यूएसी निदेशक प्रोफेसर हितेंद्र सिंह, कला संकाय के डीन प्रोफेसर डीसी गोस्वामी, वाणिज्य संकाय की डीन प्रोफेसर कंचन लता सिन्हा एवं गणित विभाग की अध्यक्षा प्रोफेसर अनीता तोमर उपस्थिति रही '



## शांतिकुंज में खेल प्रतिभा परिष्कार महोत्सव का आयोजन

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गायत्री परिवार के केन्द्र शांतिकुंज में दो दिवसीय खेल प्रतिभा परिष्कार महोत्सव-2024 का आयोजन हुआ। महोत्सव का शुभारंभ शांतिकुंज के श्रीरामपुरम् के मैदान में बॉलीवाल से हुआ। बॉलीवाल में देवसंस्कृति विवि के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या एवं अजय त्रिपाठी की टीम के बीच के मैत्री मैच खेला गया।
वासंती उल्लास के साथ होली पर्व की पूर्व संध्या में हुए रस्साकसी में 80 वर्ष आयु पार कर चुके लोगों में भी युवाओं जैसा उत्साह दिखा और अपनी टीम के साथ रस्सी खींचने में पूरजोर मेहनत की और वे विजयी भी हुए।

# बच्चों को प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण समय की मांग : डॉ. सिन्हा

**विचार**

**8 यह विचार सचिव आपदा प्रबंधन डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा शनिवार को व्यक्त किए।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
बच्चों को प्राथमिक चिकित्सा और दुर्घटनाओं से बचाव की जानकारी दिए जाना समय की मांग है। ऐसा करने से समाज में किसी भी आपत्ति विपत्ति के समय यह बच्चे तात्कालिक रूप से प्राथमिक चिकित्सा और दुर्घटनाओं में बचाव का कार्य कर सकते हैं। यह आज के समय की मांग है। यह विचार सचिव आपदा प्रबंधन डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा शनिवार को व्यक्त किए।मुख्य अतिथि सचिव आपदा प्रबंधन डॉ. सिन्हा ने बच्चों को प्राथमिक चिकित्सा और दुर्घटनाओं से बचाव की जानकारी देते हुए अपील की कि वे फर्स्ट एड की ट्रेनिंग स्कूली बच्चों को भी दें, ताकि किसी आपात स्थिति में बच्चे भी त्वरित सहायता कर सकें। उन्होंने कहा कि आपदा के समय फर्स्ट एड की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। समय पर प्राथमिक सहायता मिल जाए तो जिंदगियों को बचाया जा सकता है। इसके साथ ही सहस्त्रधारा रोड स्थित भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी परिसर में आयोजित चार दिनी प्रशिक्षण शिविर का हो गया है।



संपादकीय

# बुनियादी ढांचे के लाभों का विस्तार

**मोदी** सरकार ने निश्चित रूप से आवास, शौचालय, बिजली और बैंकिंग जैसे विभिन्न बुनियादी ढांचे के लाभों के कवरेज का विस्तार करने में निवेश किया है, जिसे कुछ लोगों ने 'भारत के दक्षिणपंथ का नया कल्याणवाद' कहा है। लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि इन निवेशों से बाजार में क्रय शक्ति में सुधार हुआ है या नहीं। इसके अलावा, हाल के वर्षों में किसी भी एनएसएसओ उपभोग सर्वेक्षण के अभाव में, यह स्पष्ट नहीं है कि भारत ने अत्यधिक गरीबी को कम करने में कितनी प्रगति की है। लोकसभा आम चुनाव-2024 की पूर्व संध्या पर, इस सप्ताह हमारे पास दो महत्वपूर्ण समाचार हैं - पहला, भारतीय दुनिया के सबसे दुखी लोगों में से हैं; और दूसरी बात, वायदा किये गये 'अच्छे दिन' केवल देश के शीर्ष 10प्रतिशत लोगों के लिए आये, जो 2022-23 में लगभग 3,758 रुपये प्रतिदिन की औसत आय के साथ राष्ट्रीय आय का 57.7 प्रतिशत कमाने में सक्षम थे, लेकिन निचले 50 प्रतिशत लोग, जो केवल 15 प्रतिशत ही कमा पाये थे, उनकी औसत आय प्रतिदिन 198 रुपये से कम थी।

वर्ल्ड हैप्पीनेस इंडेक्स के अनुसार, भारत ग्लोबल हैप्पीनेस इंडेक्स में 143 देशों में से 126वें स्थान पर है, जबकि वर्ल्ड इन इक्वलिटी लैब की रिपोर्ट में कहा गया है कि मोदी शासन के तहत भारत में असमानता उच्चतम ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गई है, हालांकि हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसे उभरताऔर विकसित होता हुआ भारत बताते हैं, और 2047 तक विकसित भारत की गारंटी दे रहे हैं, जिनमें उनको भी काफी कुछ मिलेगा जिन्हें अब तक नहीं मिला है। वर्ल्ड इन इक्वलिटी लैब द्वारा प्रकाशित नितिन कुमार भारती, लुकासचांसल, थॉमस पिकेटी और अनमोल सोमांची द्वारा लिखित 'भारत में आय और धन असमानता, 1922-23' उपशीर्षक 'द राइज ऑफ द बिलियनेयर राज' शीर्षक वाली रिपोर्ट में बताया गया है कि 2014-15 और 2022-23 के बीच, शीर्ष स्तर की असमानता में वृद्धि विशेष रूप से धन संकेंद्रण के संदर्भ में स्पष्ट हुई है। रिपोर्ट में पाया गया कि 2022-23 में, मध्य 40 प्रतिशत लोगों की औसत आय केवल 165,273 रुपये प्रति वर्ष (27.3प्रतिशत) थी, जबकि शीर्ष 10 प्रतिशत (57.7प्रतिशत) के लिए यह 13,52,985 रुपये थी। शीर्ष 1 प्रतिशत के लिए 53,00,549 रुपये(22.6प्रतिशत)थी। निचले 50 प्रतिशत की औसत संपत्ति 1,73,184 रुपये (6.4प्रतिशत), मध्य 40फीसदी- 9,63,560 रुपये (28.6प्रतिशत), शीर्ष 10 प्रतिशत की औसत संपत्ति 87,70,132 रुपये (65 प्रतिशत) और शीर्ष 1 प्रतिशत की 5,41,41,525 रुपये (40.1 प्रतिशत) थी। ऐसी असमानता कैसे पैदा हुई? रिपोर्ट में इस बात के संकेत मिले हैं कि 'शुद्ध संपत्ति के नजरिये से देखने पर भारतीय आयकर प्रणाली प्रतिगामी हो सकती है। इसमें इस बात पर जोर दिया गया कि भारत में आर्थिक डेटा की गुणवत्ता काफी खराब है और हाल ही में इसमें गिरावट देखी गई है। 'इसलिए यह संभावना है कि हमारे परिणाम वास्तविक असमानता स्तरों की निचली सीमा का प्रतिनिधित्व करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, 'हम असमानता के अध्ययन को बढ़ाने और साक्ष्य-आधारित सार्वजनिक बहस को सक्षम करने के लिए आधिकारिक डेटा तक बेहतर पहुंच और अधिक पारदर्शिता का आह्वान करते हैं।'

# आसुरी शक्ति के मिटने का वक्त आ गया?



प्रो. रविकांत

> "मेरी लड़ाई इसी शक्ति के खिलाफ है। पूंजीवादी और सामन्तवादी ताकतों के खिलाफ मैं लड़ रहा हूं। लेकिन नरेंद्र मोदी ने बड़ी होशियारी से राहुल गांधी के बयान का भ्रामक प्रचार करते हुए इसे स्त्री शक्ति से जोड़ दिया। 18 मार्च को नरेंद्र मोदी तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु के दौरे पर थे। तेलंगाना के जगतियाल में उन्होंने कहा कि विपक्ष कहता है कि 'उसकी लड़ाई शक्ति के खिलाफ है। मेरे लिए तो हर मां -बेटी शक्ति का रूप है। मैं इनको शक्ति के रूप में पूजता हूं और इनकी रक्षा के लिए जान की बाजी लगा दूंगा।' मोदी जब ये बात कह रहे थे तो क्या उनके जेहन में मणिपुर की मां-बेटियां नहीं थीं, जिन्हें नंगा करके सरेआम घुमाया गया था और सामूहिक बलात्कार करके कत्ल कर दिया गया था? क्या मोदी हरियाणा की उन महिला पहलवानों को भूल गए थे जिनका यौन उत्पीड़न करने वाला भाजपा का सांसद आज भी उनकी पार्टी में सुशोभित है?"



**राहुल** गांधी ने हिंदू धर्म का जिक्र करते हुए कहा कि उसमें एक शक्ति होती है। हिन्दू धर्म के मिथकों में आसुरी शक्ति का वर्णन है, जो अन्याय और अत्याचार करती है। एक ऐसी ही शक्ति नरेंद्र मोदी को चला रही है। मेरी लड़ाई इसी शक्ति के खिलाफ है। पूंजीवादी और सामन्तवादी ताकतों के खिलाफ मैं लड़ रहा हूं। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन के बाद 17 मार्च को मुंबई के शिवजी पार्क में कांग्रेस पार्टी की रैली हुई। रैली में शरद पवार, उद्धव ठाकरे, फारूक अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती और तेजस्वी यादव जैसे तमाम विपक्ष के नेता एकजुट हुए। राहुल गांधी की यात्रा और देश की सियासत पर बारी-बारी से सबने बात रखी। ऐसे समय में जब विपक्षी नेताओं और लोगों पर सत्ता का बुलडोजर चल रहा है, देश राहुल गांधी की तरफ देख रहा है। जब लोकतंत्र और संविधान की सारी संस्थाएं एक-एक करके ढहाई जा रही हैं, ऐसे में सड़क का संघर्ष ही 'भारत के विचार' की रक्षा कर सकता है। जैसे आजादी के आंदोलन में गांधी, नेहरू, पटेल और अंबेडकर के साथ सड़क पर एकजुट होकर लोगों ने अंग्रेजी सत्ता का मुकाबला किया था, वैसे आज राहुल गांधी की दोनों यात्राओं में लोग निर्भय होकर साथ बढ़ चले। इन यात्राओं ने नफरत और डर से खामोश लबों को अन्याय और अत्याचार की आपबीती कहने-बोलने के लिए प्रेरित किया। राहुल गांधी की खासियत यह है कि वे गांधी परिवार से नेता बने, फिर नेता से लोगों की उम्मीद बने। राहुल गांधी सच की बेखौफ आवाज हैं। शिवजी पार्क की रैली में राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी की असलियत से पर्दा उठा दिया। उन्होंने कहा कि- मोदी सिर्फ एक मुखौटा हैं। महज एक एक्टर हैं। असली शक्ति कहीं और है जो मोदी को संचालित कर रही है। मोदी तो कठपुतली हैं। उस शक्ति के हाथ में मोदी की बागडोर है। यह शक्ति पूंजी की सत्ता है। यह सत्ता अंबानी और अडानी की है। मोदी की जान ईडी, सीबीआई और ईवीएम में है। लेकिन यह ईडी और सीबीआई किसके लिए काम कर रहे हैं? केवल मोदी और बीजेपी के लिए नहीं बल्कि ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसी का इस्तेमाल अडानी के लिए हो रहा है। सड़क, सुरक्षा, बिजली के संयंत्र से लेकर के कोयले की खदान, रेलवे, एयरपोर्ट और बंदरगाह; सब कुछ अडानी के कब्जे में जा रहे हैं। पूंजी का संकेंद्रण एक-दो हाथों में हो रहा है। ऐसे ही पूंजीपतियों का 16 लाख करोड़ रुपया मोदी सरकार माफ कर देती है। लेकिन किसानों की कर्जमाफी और एमएसपी के लिए सरकार की दलील है कि उसके पास पैसा नहीं है। 5 ट्रिलियन इकॉनामी और विकसित भारत का सपना दिखाने वाली मोदी सरकार कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली में असमर्थ क्यों है? देश के नौजवानों के लिए फैलोशिप और नौकरियों के लिए सरकार के पास पैसा क्यों नहीं है? क्या मोदी नौजवानों को अंबानी-अडानी के लिए सस्ते मजदूर बनाना चाहते हैं? और तो और सेना में नौजवानों को अग्निवीर बनाकर चार-पांच साल बाद रिटायर करने की योजना है। क्या अग्निवीर जैसी योजना सरकारी खर्चे पर ट्रेनिंग देकर और रिटायर कर-के नौजवानों को पूंजीपतियों को सस्ते सुरक्षा गार्ड मुहैया कराना है? दुनिया के सबसे बड़े नौजवान देश के लिए नौजवानों को सामाजिक सुरक्षा हासिल नहीं है। ऐसे में देश किसी 'अनरेस्ट' की तरफ बढ़ सकता है। लेकिन आगे का काम मोदी और आरएसएस की जिम्मेदारी पर है। नौजवान विद्रोह ना करें, इसलिए उनकी आंखों में 'सब कुछ चंगासी' वाली छवियां लगातार झोंकते रहना जरूरी है। इन छवियों को प्रसारित करने का काम मीडिया के जिम्मे है। मीडिया उसी पूंजीवादी सत्ता द्वारा संचालित है। नौजवानों को धर्म की अफीम चटाकर और छद्म राष्ट्रवाद का नश्तर देकर उनकी चेतना को सुन्न करने का काम लगातार मीडिया द्वारा किया जाता है ताकि नौजवान अपनी बदहाली और बेरोजगारी को अपनी नियति और देश के लिए कुबार्नी समझकर खामोश बैठे रहें। राहुल गांधी ने हिंदू धर्म का जिक्र करते हुए कहा कि उसमें एक शक्ति होती है। हिन्दू धर्म के मिथकों में आसुरी शक्ति का वर्णन है, जो अन्याय और अत्याचार करती है। एक ऐसी ही शक्ति नरेंद्र मोदी को चला रही है।

मेरी लड़ाई इसी शक्ति के खिलाफ है। पूंजीवादी और सामन्तवादी ताकतों के खिलाफ मैं लड़ रहा हूं। लेकिन नरेंद्र मोदी ने बड़ी होशियारी से राहुल गांधी के बयान का भ्रामक प्रचार करते हुए इसे स्त्री शक्ति से जोड़ दिया। 18 मार्च को नरेंद्र मोदी तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु के दौरे पर थे। तेलंगाना के जगतियाल में उन्होंने कहा कि विपक्ष कहता है कि 'उसकी लड़ाई शक्ति के खिलाफ है। मेरे लिए तो हर मां -बेटी शक्ति का रूप है। मैं इनको शक्ति के रूप में पूजता हूं और इनकी रक्षा के लिए जान की बाजी लगा दूंगा।' मोदी जब ये बात कह रहे थे तो क्या उनके जेहन में मणिपुर की मां-बेटियां नहीं थीं, जिन्हें नंगा करके सरेआम घुमाया गया था और सामूहिक बलात्कार करके कत्ल कर दिया गया था?

क्या मोदी हरियाणा की उन महिला पहलवानों को भूल गए थे जिनका यौन उत्पीड़न करने वाला भाजपा का सांसद आज भी उनकी पार्टी में सुशोभित है? नरेंद्र मोदी के नारी शक्ति वाले बयान को कांग्रेस और अन्य प्रतिपक्ष ने पूरी तरह से बेपर्दा कर दिया। लेकिन राहुल गांधी ने जिस गंभीर मुद्दे की तरफ इशारा किया था वह मोदी के धर्म के आवरण में कहीं खो गया। असल में, राहुल गांधी ने अपनी दूसरी यात्रा में न्याय शब्द और उसकी अवधारणा को केंद्र में रखा था। वे लोगों को राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक न्याय बहाल करने की बात कर रहे थे।

जब से नरेंद्र मोदी सत्ता में आए हैं, अन्याय और अत्याचार बढ़ा है। दलितों, आदिवासियों और महिलाओं के साथ अपमान और अत्याचार की घटनाएं लगातार जारी हैं। अल्पसंख्यक समाज तो रोजी रोजगार ही नहीं जिंदगी के लिए भी डर में जी रहा है। गरीबों, मजदूरों और किसानों पर आर्थिक अन्याय बढ़ा है। अमीर और गरीब के बीच की खाई लगातार चौड़ी होती जा रही है। आज किसान सड़क पर आंदोलन करने के लिए मजबूर हैं। लेकिन सरकार किसानों की एमएसपी की मांग को मानने के लिए तैयार नहीं है, क्योंकि पूंजीवादी शक्ति किसानों को समृद्ध होते हुए नहीं देखना चाहती। पूंजीवादी सत्ता किसानों की जमीन हड़पना चाहती है। इसी शक्ति के इशारे पर किसानों पर लाठियां और आंसू गैस के गोले बरसाए जाते हैं। सड़कों पर कीलें ठोक दी जाती हैं। क्या लोकतंत्र में कोई सरकार इतनी निर्मम हो सकती है? यही आसुरी शक्ति है जो निरीह लोगों का रक्त और बलि मांगती है। लोगों पर जितना जुल्म बढ़ेगा आसुरी शक्ति उतनी ही प्रसन्न होगी।

नरेंद्र मोदी इस शक्ति के लिए लगातार किसानों, मणिपुर के लोगों, महिला पहलवानों, दलित और आदिवासियों के हकों- अधिकारों की बलि दे रहे हैं। मिथकों में लिखा है कि आसुरी शक्ति जितना मजलूमों का रक्त चूसती है, वह उतनी ही ताकतवर होती जाती है। फिर अन्याय और अत्याचार और बढ़ता है। लेकिन जब पाप का घड़ा भर जाता है तो आसुरी शक्ति का मिट जाना भी तय हो जाता है। लोकतंत्र में पूंजीवाद की जो आसुरी शक्ति है, क्या उसके मिटने का समय आ गया है?

कविता

### भगतसिंह तेरे अरमानों पर कुर्सी बिछाए बैठे हैं

भगत सिंह तेरे अरमानों पर कुर्सी बिछाए बैठे हैं
कथित माननीय बने आज वो कर्जा खाए बैठे हैं

कहने को आजादी देकर कसमें झूठी खाते हैं
जो कड़वी सच्चाई कह दे उसे घर से उठवाते हैं
देशद्रोह का लगा कै ठप्पा हवालात भिजवाते हैं
चार्जशीट सालों से लंबित पेश नहीं कर पाते हैं
नागरीक अधिकार सभी के बूटों से दबाए बैठे हैं

शिक्षा का अधिकार दिखावा आसमान पर फीस चढ़ी
जिसका जितना पलड़ा भारी उतनी उसके हाथ लगी
देश छोड़कर विदेश भागते अरमानों की लगी झड़ी
विश्व गुरु की ताल ठोकते बातें करते बड़ी-बड़ी
समान शिक्षा का कोरा परचम सर पर ठाए बैठे हैं

धर्म पर खर्चा करें धड़ाधड़ हॉस्पिटल में नहीं डॉक्टर
शिक्षा का स्तर निरंतर गिरता भाड़े पर रखते हैं टीचर
जनता को रोजगार मिले ना विरोध करे लट्ठ पड़े धडाधड
मेहनत भी करो खाओ धोखा हर एग्जाम में बिकते पेपर
कैरियर के लिए जमीन बेचकर सबकुछ लुटवाए बैठे हैं

नारी रक्षा की महज घोषणा बलात्कारी का अभिनंदन
क्या अजीब ये रामराज्य है महिलाएं करती हैं क्रंदन
किस आजादी की बात करें मुस्लिम का लहू इनका चंदन
गऊ बचाओ आदिम मारो उस पर नही कोई बंधन
हत्यारों को निर्दोष बताकर मुहिम चलाए बैठे हैं

**कलमकार राजव्रत**

--------

## होली, अबीर और भाईचारे का पवित्र त्यौहार

**होली** मूलतः रंगों का त्योहार है। होली के त्यौहार के पीछे कई पौराणिक कथाएं विद्यमान हैं। मगर शास्त्रों में लिखी प्रहलाद और होलिका की कथा सर्वदा मान्य और प्रचलित है।विष्णु पुराण की कथा के अनुसार राजा हिरण्यकश्यप भगवान विष्णु को नहीं मानता था,और अपनी प्रजा को विष्णु जी की पूजा अर्चना करने से भी मना कर रोका करता था। पर विडंबना यह थी कि उसका अपना ही पुत्र प्रहलाद भगवान विष्णु का परम भक्त तथा अनुयाई था, हिरण कश्यप को यह ज्ञात होते ही उसने प्रहलाद को अनेक कष्ट देना शुरू कर दिया।जब उसके दिए गए कष्टों से भक्त प्रहलाद को कोई कष्ट न होकर कुछ नहीं हुआ, तब उसने अपनी बहन होलिका जिसे आग से ना जलने का वरदान प्राप्त था, को बुलवाया और आदेश दिया कि प्रहलाद को गोद में बिठाल कर अग्नि में बैठ जाए, और अपने भाई की आज्ञा का पालन करते हुए होली का ने प्रहलाद को गोद में लेकर अग्नि के ऊपर बैठ गई। ईश्वर विष्णु जी की कृपा से प्रहलाद को कुछ नहीं हुआ और होलीका दग्ध अग्नि में जलकर भस्म हो गई। प्रहलाद बच गए, और भगवान विष्णु ने हिरण्यकश्यप का वध कर-के प्रह्लाद को उसके पिता द्वारा दी गई यातनाएं से मुक्ति दिलाई। इस तरह आमजन इस घटना को याद करके होलिका दहन करके दूसरे दिन अबीर गुलाल तथा रंगों से होली खेलते हैं। होली का बहुत बड़ा वर्णन साहित्य में भी किया गया है कविवर सूर्यकांत त्रिपाठी निराला ने भी कहा "नयनों के डोरे लाल गुलाब भरे, खेली होली रे" होली का त्यौहार राधा और कृष्ण के पवित्र प्रेम से भी संबंधित है ।यही कारण है की भगवान श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा था वृंदावन में होली बड़े धूमधाम से मनाई जाती है। होली तो वैसे ही वैश्विक स्तर पर भी मनाया जाता है, क्योंकि भरत वंशी विदेशों में जिस जिस जगह निवास करते हैं, वह होली का त्यौहार बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। भारत में अनेक राज्य होने से अलग-अलग क्षेत्र के लोग अलग अलग नाम से होली का त्यौहार मनाते हैं। पश्चिम बंगाल में इसे होली का उत्सव के रूप में मनाया जाता है, पंजाब में इसे "होला मोहल्ला"कहा जाता है, तमिलनाडु में इसे "कॉमन पोडगई"कहां जाता है महाराष्ट्र में रंग पंचमी नाम देखकर दो-तीन दिन तक मनाया जाता है। देश में होली किसी भी नाम से मनाई जाए पर होली में रंग गुलाल और अबीर से ही होली का आनंद उत्सव मनाया जाता है। होली रंगों का त्योहार होने के साथ-साथ आपस में भाईचारे का त्यौहार भी है। आज के दिन दुश्मन भी गले लग कर एक दूसरे से रंग गुलाल तथा मिठाई खिलाकर अपनी दुश्मनी भूल जाते हैं, और क्योंकि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है अतः होली के त्यौहार को रंग गुलाल लगाने के साथ-साथ हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई ईसे समान रूप से मना कर प्रसन्न होते हैं, यह राष्ट्रीय एकता का प्रतीक भी है। पर कुछ लोग होली में भांग तथा शराब का नशा करके माहौल को जरूर खराब करके बिगाड़ कर ईसे बदनाम करने की कोशिश करते हैं।

विचार

## केजरीवाल अब अपने को करें निर्दोष साबित

**आर.के. सिन्हा**

**अरविंद** केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली की शराब नीति के जिन आरोपों के आधार पर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है, उन्हें साबित होना भर ही बाकी है। हां, पर इतना तो कहना ही होगा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में अरविंद केजरीवाल अपने को बार-बार अराजक मुख्यमंत्री के रूप में साबित करने में सफल रहे । वे लगातार केन्द्र सरकार और सरकारी अफसरों से लड़ने-झगड़ने के मूड में ही रहे। उन्होंने एक तरह से मान लिया कि देश भर में वह ही अकेले ईमानदार है। बाकी दुनिया भ्रष्ट है। उनसे उम्मीद थी कि वह देश में साफ-सुथरी और वैकल्पिक राजनीति का रास्ता साफ करेंगे। पर उन्होंने अपने खोखले दावों-वादों और कारनामों से देश को निराश ही किया।

दिल्ली में अरविंद केजरीवाल से पहले भी सरकारें और मुख्यमंत्री रहे,पर कभी कोई ऐसा मसला नहीं आया। दिल्ली की चुनी हुई सरकारों और केन्द्र सरकारों के बीच मजे मजे में विकास के सब काम होते रहे। पर सन 2015 में दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार बनते ही हंगामा शुरू हो ग?ा और होने लगा रोज का क्लेश, तकरार और आरोप झ प्रत्यारोप का दौर। दिल्ली में 1951-52 में पहली बार विधानसभा के चुनाव हुए। दिल्ली के पहले मुख्यमंत्री कांग्रेस के चौधरी ब्रह्म प्रकाश बने। चौधरी साहब 1952 से 1955 तक मुख्यमंत्री रहे। उन्हें कांग्रेस ने हटाया और यहां का दूसरा मुख्यमंत्री बनाया सरदार गुरुमुख निहाल सिंह मुसाफिर को। गुस्ताखी माफ,कम ही दिल्ली वालों को पता है कि दिल्ली के दूसरे मुख्यमनंत्री एक सिख सज्जन थे। वे पहली दिल्ली विधानसभा के स्पीकर थे। वे 13 फरवरी, 1955 से 31 अक्टूबर, 1956 तक दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे। उसके बाद विधानसभा का अस्तित्व समाप्त कर दिया गया। मुसाफिर जी ने मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए दिल्ली में शराब की दुकानें खोलने नहीं दीं। अजीब इत्तेफाक है कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली में शराब की दुकानें खोलने में सदैव अति उत्साह दिखाते रहे। उन्हें दिल्ली की शराब नीति में कथित घोटाले के कारण ही गिरफ्तार किया गया है। मुसाफिर जी के पुत्र एस. निहाल सिंह प्रख्यात पत्रकार थे। वे इंडियन एक्सप्रेस अखबार के संपादक भी रहे।

बहरहाल, 1966 में दिल्ली को एक महानगर परिषद मिली। यह विधान सभा के समकक्ष थी। महानगर परिषद का मुखिया मुखिया कार्यकारी पार्षद होता था। इस पद पर विजय कुमार मल्होत्रा और जग प्रवेश चंद्र जैसे नेता भी रहे। दिल्ली को 1991 में फिर से संविधान में संशोधन करके राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र घोषित किया गया। नए परिसीमन के तहत विधानसभा का 1993 में चुनाव हुआ। उसके बाद मदनलाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा, सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित जैसे दिग्गज नेता दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे। इस दौरान केन्द्र में कभी कांग्रेस के नेतृत्व वाली और कभी भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारें काम करती रहीं। पर दिल्ली में विकास का पहिया कभी थमा नहीं। जब मदन लाल खुराना मंख्यमंत्री बने तब देश के प्रधानमंत्री पी.वी.नरसिंह राव थे। कहीं कोई दिक्कत नहीं आई । जब शीला दीक्षित मुख्यमंत्री थीं, तब प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी थे। तब भी दिल्ली का भरपूर विकास हो रहा था। कहीं कोई विवाद ही नहीं था। सारे विवाद आपसी बातचीत से हल हो रहे थे। अटल जी और शीला दीक्षित ने दिल्ली में मेट्रो रेल का विस्तार और बिजली की समस्या का स्थायी समाधान किया। यह बात अलग है कि अरविंद केजरीवाल हमेशा कहते रहे कि दिल्ली में बिजली की 24 घंटे सप्लाई उनकी वजह से मुमकिन हुई। हालांकि, उन्होंने कभी यह नहीं बताया कि दिल्ली में पेयजल संकट का वह हल क्यों नहीं कर सके। क्यों यमुना मैली ही होती रही? कैसे दिल्ली बन गई दुनिया की सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानी? अरविंद केजरीवाल ने इन सवालों के जवाब देने की कभी जरूरत महसूस नहीं की। अरविंद केजरीवाल को यही लगता रहा कि अखबारों में बड़े-बड़े खचीर्ले विज्ञापन देकर वे अपने को महान साबित करते रहेंगे। आप जब दिल्ली में जी.टी.रोड से आगे बढ़ते हैं, तो आपको दूर से ही भलस्वा में काला पहाड़ नजर आने लगता है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, दैनिक एक्शन इंडिया कार्यालय, 7/1, बल्लूपुर रोड, डॉ टीपी पटनायक के सामने, कृष्ण नगर चौक के पास, देहरादून, उत्तराखण्ड ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**

**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**

**स्थानीय संपादक : हिमांशु अनिकेत (9837313943)**

**actionindiaddn@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


चिंतन

## वनों का विनाश रोकने के लिए सार्थक पहल करने की सख्त जरूरत

**विजय गर्ग**

**परिस्थिति की** संतुलन बनाए रखने में मनुष्यों और जीव-जंतुओं के अलावा वृक्षों तथा वनों का भी बेहद महत्त्वपूर्ण योगदान होता है। दरअसल, वन जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों का प्राकृतिक आवास स्थान होने के साथ-साथ भोजन का माध्यम भी हैं। पृथ्वी पर जीवन के लिए सबसे जरूरी तत्त्व है आक्सीजन, धरती पर वन ही हैं, जो बड़ी मात्रा में वातावरण से कार्बन डाई आक्साइड सोखकर उसे आक्सीजन में बदलते हैं। वन वर्षा कराने, तापमान को नियंत्रित रखने, मृदा के कटाव को रोकने तथा जैव-विविधता को संरक्षित करने में सहायक होते हैं और सही मायनों में पृथ्वी पर पाई जाने वाली जैव विविधता वनों के कारण ही है। पृथ्वी के तापमान को नियंत्रित रखने में वनों की अहम भूमिका होती है। हालांकि दुनिया भर में वनों की अंधाधुंध कटाई के कारण अब पृथ्वी पर वन और उनमें रहने वाले जीव-जंतुओं के आवास स्थल काफी सिमट गए हैं। हर वर्ष लगने वाली आग के कारण लाखों हेक्टेयर जंगल तथा जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियां नष्ट हो जाती हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रपट के मुताबिक पिछले तीन दशक में विश्वभर में करीब एक अरब एकड़ वन क्षेत्र नष्ट हो गए हैं। कुछ दशक पहले तक जहां पृथ्वी का करीब पचास फीसद भू-भाग वनों से आच्छादित था, अब यह महज तीस फीसद रह गया है। अगर इसी रफ्तार से वनों का सफाया होता रहा, तो इसमें और कमी आएगी। पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार वनों की संख्या घटते जाने का सीधा असर जैव विविधता पर पड़ेगा। इससे आने वाले समय में जहां जल चक्र, मृदा संरक्षण और जैव मंडल पर गहरा प्रभाव पड़ेगा, वहीं जीव-जंतुओं के आवास पर भी संकट आएगा और अनियमित मौसम से भयंकर दुष्प्रभाव सामने आएंगे।

जंगलों की अंधाधुंध कटाई के कारण ही अब पृथ्वी पर 'ग्लोबल वार्मिंग' के साथ-साथ प्राकृतिक आपदा की तीव्रता लगातार बढ़ रही है। वन पृथ्वी के फेफड़ों की भांति कार्य करते हैं, जो वातावरण से सल्फर डाईआक्साइड, नाइट्रोजन आक्साइड, अमोनिया, ओजोन आदि प्रदूषक गैसों को अपने अंदर समाहित कर वातावरण में प्राणवायु छोड़ते हैं।

## हिंदी साहित्य में होली के रंग

डॉ. सौरभ मालवीय

होली कवियों का प्रिय त्योहार है। यह त्योहार उस समय आता है जब चारों दिशाओं में प्रकृति अपने सौन्दर्य के चरम पर होती है। उपवनों में रंग-बिरंगे पुष्प खिले हुए होते हैं। होली प्रेम का त्योहार माना जाता है, क्योंकि भगवान श्रीकृष्ण और राधा को होली अत्यंत प्रिय थी। भक्त कवियों एवं कवयित्रियों ने होली पर असंख्य रचनाएं लिखी हैं। कृष्ण भक्त कवि रसखान ने ब्रज की होली पर अत्यंत सुंदर रचनाएं लिखी हैं। इनमें श्रीकृष्ण की राधा के साथ खेली जाने वाली होली प्रमुख है। वे कहते हैं-

मिली खेलत फाग बढयो अनुराग सुराग सनी सुख की रमकै।
कर कुंकुम लै करि कंजमुखि प्रिय के दृग लावन को धमकै।।
रसखानि गुलाल की धुंधर में ब्रजबालन की दुति यौं दमकै।
मनौ सावन सांझ ललाई के मांझ चहुं दिस तें चपला चमकै।।

अर्थात श्रीकृष्ण राधा और गोपियों के साथ होली खेल रहे हैं। इस खेल के साथ-साथ उनमें प्रेम बढ़ रहा है। कमल के पुष्प के समान सुंदर मुख वाली राधा श्रीकृष्ण के मुख पर कुमकुम लगाने की चेष्टा कर रही है। वह गुलाल फेंकने का अवसर खोज रही है। चहुंओर गुलाल ही गुलाल दिखाई दे रहा है। इस गुलाल के कारण ब्रजबालाओं की देहयष्टि इस प्रकार दमक रही है जैसे सावन मास के सायंकाल में सूर्यास्त से लाल हुए आकाश में चारों ओर बिजली चमकती रही हो। कृष्ण भक्त सूरदास ने भी श्रीकृष्ण और राधा की होली पर असंख्य रचनाएं लिखी हैं। होली उनकी रासलीलाओं में महत्वूर्ण स्थान रखती है। वे कहते हैं-

हरि संग खेलति है सब फाग।
इहिं मिस करति प्रगट गोपी, उर अंतर कौ अनुराग।।
सारी पहिरि सुरंग, कसि कचुकि, काजर दै दै नैन।
बनि बनि निकसि निकसि भई ठाढ़ी, सुनि माधौ के बैन।।
डफ, बांसुरी रुंज अरु महुअरि, बाजत ताल मृदंग।
अति आनंद मनोहर बानी, गावत उठति तरंग।।
एक कोध गोविंद ग्वाल सब, एक कोध ब्रज नारि।


सभी देशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
KNOWLEDGE IS POWER
BHAGWATI PUBLIC SCHOOL
P. Nur. to VIIth
English Medium
X - XII Open / Patrachar
J.B.T. / B.ed. / Delad / LLB / D. PHARMA
Distance Education
Tuition Classes
IX - X - Math, Science, English
XI - XII - History, Pol. Science, Geo, Eco.
B.A., B.ed., J.B.T., M.A.
KAUSHAL SHARMA
Chopal Wali Gali, Shalimar Village, Delhi-110088, Mobile 9313048214


सभी देशवासियों को
होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
अरुण आर्य
संस्थापक एवं राष्ट्रीय महामंत्री
जग कल्याण जन उत्थान परिषद (रंजि.)


सभी देशवासियों को
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
Notan Dass Arora
(M): 9868365678 9540949722
President: Nav Chetna Sanghthan (Regd.)
VBDD Charitable Trust (Regd.)
National Vice President: Akhil Bhartiya Bahawalpur Mahasangh
Chief Secretary: Sri Bahawalpur Panchyat (Regd.)
Org. Secretary: Bahawalpur Samaj Delhi (Regd.)
Gen. Secretary : Narela Vikas Sanghthan (Regd.)
Punjabi Sabhyachar Ekta Manch (Regd.)
Trustee : Sri Guru Nanak Dev Sanjhi Virasat Charitable Trust (Regd.)


सभी देशवासियों को
होली की हार्दिक
शुभकामनाएं
श्री कृष्णम्
आशियाना बिल्डर्स एंड डेवलपर्स
रणबीर सिंह
मैन बस स्टैंड लामपुर गांव, नरेला दिल्ली-40


सभी देशवासियों को
होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
विजय भगत अंकू
अध्यक्ष : विजयपथ फाउंडेशन (रजि.)
छठ पूजा घाट चौ. रामदेव चौक नरेला
Mob. 9210151000